बेतवांचल



नवभारत
भोपाल, गुरुवार 12 मार्च, 2026

# पूर्व बीजेपी विधायक के घर चोरी की वारदात

**खास बातें**

- जेवरात समेत करीब 7 लाख चोरी की आशंका
- कृष्णा कॉलोनी में वारदात, शादी समारोह में गए थे परिवार के लोग
- पुलिस और एफएसएल टीम ने किया मौके का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**11 मार्च विदिशा, विदिशा शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. ताजा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी का है, जहां बीती रात चोरों ने भारतीय जनता पार्टी की पूर्व विधायक रहीं राजश्री सिंह के घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की नकदी और मशरूखा पर हाथ साफ कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए.**



बताया जा रहा है कि राजश्री सिंह और उनके पति रुद्र प्रताप सिंह शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं. घटना के समय घर के सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गए हुए थे. इसी दौरान चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया. जानकारी के अनुसार जब परिवार के सदस्य समारोह से वापस घर लौटे तो उन्होंने देखा कि घर के मुख्य दरवाजे के ताले टूटे हुए थे और अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था. घर के कमरों और अलमारियों की तलाशी लेने पर पता चला कि चोरों ने घर में रखी नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई.

सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. इसके साथ ही एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य एकत्र किए और जांच शुरू की. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके.पूर्व विधायक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे. घर सूना होने का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया. उन्होंने बताया कि प्रारंभिक तौर पर करीब 5 लाख रुपए नकद चोरी होने की जानकारी सामने आई है, जबकि घर से कुछ मशरूखा और अन्य कीमती सामान भी गायब है. हालांकि चोरी हुए सामान का पूरा आकलन अभी नहीं हो सका है.

### चोरी की घटना से इलाके में डर का माहौल

घटना के बाद क्षेत्र में भी चर्चा का माहौल बन गया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है. लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है. इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने बताया कि चोरी की शिकायत प्राप्त हुई है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है. उन्होंने कहा कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं. जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है.

# आदर्श विवाह समारोह में 20 जोड़ों के साथ फेरे लेंगे आयुष-मनु




**हर जोड़े को मिलेगी 80 हजार की सामग्री**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 11 मार्च, शहर में गुरुवार 12 मार्च को एक अनूठा और प्रेरणादायी आदर्श विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है. समाजसेवी एवं भाजपा नेता मनोज कटारे अपने पुत्र आयुष का विवाह आदर्श विवाह समारोह के रूप में आयोजित कर रहे हैं, जिसमें 20 गरीब परिवारों के जोड़े भी उनके साथ सात फेरे लेंगे. यह सामूहिक विवाह समारोह शहर के प्रसिद्ध रिवर साइड इन गार्डन में दोपहर 12 बजे आयोजित होगा.**

इस आयोजन की खास बात यह है कि आयुष और मनु के विवाह के साथ-साथ जरूरतमंद परिवारों के 20 जोड़ों का सामूहिक विवाह भी कराया जाएगा. समाजसेवी मनोज कटारे ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की मदद करना और समाज में सादगीपूर्ण विवाह का संदेश देना है. उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विवाह में शामिल प्रत्येक जोड़े को गृहस्थी बसाने के लिए लगभग 80 हजार रुपये की सामग्री प्रदान की जाएगी, जिससे नवदंपती अपने नए जीवन की अच्छी शुरुआत कर सकें. इसके साथ ही इस आदर्श विवाह समारोह में दहेज प्रथा के खिलाफ भी सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है.

### समाज में दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाई जाए

मनोज कटारे ने बताया कि इस विवाह में दहेज के रूप में लड़की पक्ष से केवल एक चांदी का सिक्का ही लिया जाएगा, ताकि समाज में दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाई जा सके और लोगों को सादगीपूर्ण विवाह के लिए प्रेरित किया जा सके. शहर में इस अनोखे विवाह समारोह को लेकर उत्साह का माहौल है और लोग इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल मान रहे हैं.

**एक नजर में**

### 22 वाहनों पर कार्रवाई कर 18 हजार का अर्थदंड वसूला

नवभारत न्यूज

**लटेरी,** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विदिशा शेख सलीम के निर्देश तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विदिशा राकांत भार्गव के मार्गदर्शन में बुधवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लटेरी अंकिता प्लास द्वारा ग्राम महावन में मोबाइल कोर्ट का संचालन किया गया.

मोबाइल कोर्ट के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान बिना लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और बीमा के यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 वाहनों पर कार्रवाई की गई और करीब 18 हजार रुपये का अर्थदंड वसूला गया. मोबाइल कोर्ट का उद्देश्य आमजन को मोटरयान अधिनियम के प्रति जागरूक करना और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था.

# बंद गेट के सामने बने ब्रेकर मुसीबत, मुख्य गेट पर जरूरत

**राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैज्ञानिक स्पीड ब्रेकर से रहवासी परेशान**

नवभारत न्यूज

**सांची, सांची से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर सांदीपनि विद्यालय के समीप बनाए गए गतिअवरोधक अब स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं. विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूर्व में विद्यालय के जिस गेट के सामने ये गतिअवरोधक बनाए गए थे, वह गेट अब बंद कर दिया गया है और वर्तमान में स्कूल का मुख्य गेट उपयोग में लाया जा रहा है.**



ऐसी स्थिति में पहले बनाए गए गतिअवरोधक अब अनुपयोगी हो चुके हैं. इसके बावजूद इन्हें हटाने या उचित स्थान पर बनाने की दिशा में संबंधित विभागों द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन गतिअवरोधकों का निर्माण भी तकनीकी मानकों के अनुसार नहीं किया गया है. इनमें न तो रेडियम मार्किंग है और न ही चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं. रात के समय तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहन जब इन पर अचानक चढ़ते हैं तो तेज आवाज होती है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों की रात की नींद तक प्रभावित हो रही है. स्थानीय लोगों की मांग है कि बंद गेट के सामने बने इन पुराने गतिअवरोधकों को हटाया जाए तथा विद्यालय के मुख्य गेट के आसपास नए गतिअवरोधक बनाए जाएं, विधायक प्रतिनिधि संजीत वर्मा ने कहा कि इस समस्या से विधायक को अवगत कराया जाएगा तथा बंद गेट के सामने बने गतिअवरोधकों को हटाकर विद्यालय के मुख्य गेट के पास मानकों के अनुसार नए गतिअवरोधक बनाने की मांग की जाएगी.

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो गंभीर घायल

नवभारत न्यूज

**लटेरी,** मुरवास थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमरौली के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को 100 डायल की मदद से लटेरी अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत होने पर उन्हें विदिशा जिला अस्पताल रेफर किया गया.

पुलिस के अनुसार दुर्घटना में तेज सिंह सेन की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं गोरेलाल सेन और हरप्रसाद सेन गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई.

## मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई, यातायात नियम उल्लंघन पर 31,700 रुपये का जुर्माना वसूला

नवभारत न्यूज

**विदिशा, शहर में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया. यह कार्रवाई प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम के नेतृत्व में संपन्न हुई. मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमाकांत भारके द्वारा की गई.**

मोबाइल कोर्ट के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कादिर खान और साकेत जैन भी उपस्थित रहे.इस दौरान यातायात थाना प्रभारी आशीष राय द्वारा प्रस्तुत 24 प्रकरणों पर सुनवाई की गई, जिनमें वाहन चालकों से कुल 31 हजार 700 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई. कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालक बिना बीमा के वाहन चलाते हुए पाए गए, जबकि दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट न पहनने के मामले भी सामने आए. मोबाइल कोर्ट में मौके पर ही इन प्रकरणों का निराकरण करते हुए संबंधित वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया. इस दौरान कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज द्वारा पुलिस बल के साथ सहयोग प्रदान किया गया. मोबाइल कोर्ट के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी जागरूक किया गया.

## सेवा भारती विदिशा की साधारण सभा सम्पन्न, नई कार्यकारिणी गठन व आगामी योजनाओं पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**विदिशा, सेवा भारती विदिशा जिले की साधारण सभा की बैठक संघ कार्यालय अरिहंत विहार में आयोजित की गई. बैठक में संगठन द्वारा संचालित सेवा कार्यों की समीक्षा की गई तथा पूर्व में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई. इसके साथ ही आने वाले समय में समाजहित में किए जाने वाले सेवा कार्यों और आगामी योजनाओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई.**

बैठक में सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निधि संग्रह अभियान चलाने तथा संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन का निर्णय भी लिया गया. वक्ताओं ने कहा कि सेवा भारती समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा कार्य पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रही है और इसके लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है. इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण शेजवार एवं विभाग प्रचारक सौरभ सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सेवा कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम हैं और सेवा भारती के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का कार्य निरंतर बढ़ाया जाना चाहिए. उन्होंने कार्यकर्ताओं को सेवा भाव से समाज के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया.

बैठक में सेवा भारती विदिशा जिले के विभाग सह प्रमुख ओमप्रकाश साहू, जिला अध्यक्ष राजेश माथुर, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष आनंद शरण, उपाध्यक्ष वर्षा अग्रवाल, राजमाला बघेल, सचिव मयंक टोक तथा विदिशा विभाग समन्वयक राजेश भार्गव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### समर्थन मूल्य पर चना पंजीयन 14 तक, सरसों के लिए 20 मार्च तक

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** रबी विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसों की फसल बेचने हेतु किसानों का पंजीयन लगातार जारी है. जिला प्रशासन ने ऐसे किसानों से निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीयन कराने की अपील की है, चना फसल के समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 14 मार्च 2024 निर्धारित की गई है, जबकि सरसों फसल के लिए पंजीयन 20 मार्च 2024 तक किया जा सकेगा.

## महिला अधिकार और सुरक्षा को लेकर सांची थाना परिसर में आयोजित हुआ महिला दिवस कार्यक्रम



**एसडीओपी, यातायात प्रभारी, और महिला बाल विकास अधिकारी ने महिलाओं को जागरुक रहने का दिया संदेश**

नवभारत न्यूज

**सांची, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर थाना सांची परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया. कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और आत्मसम्मान से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी श्रीमती नीलम चौधरी रायसेन ने कहा कि महिलाओं को अपने संवैधानिक अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, ऐसे में उन्हें अपनी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच पुलिस की सहायता लेनी चाहिए.

यातायात प्रभारी श्रीमती लता मालवीय ने महिलाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार के सदस्यों को भी सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित करें. थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए. उन्होंने कहा कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और यदि किसी महिला के साथ किसी प्रकार की प्रताड़ना या अन्याय होता है तो उसे तुरंत पुलिस को सूचना देनी चाहिए, जिससे समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके.

वहीं महिला एवं बाल विकास अधिकारी आशा सिंह ने महिलाओं से कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं. उन्होंने महिलाओं को इन योजनाओं की जानकारी लेते हुए उनका लाभ उठाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा, अधिकारों और कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

### इनके रंग में ना रंग जइयो, इनने दुनिया रंग दई रे रंग डार गए कान्हा बृजवारे

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, फागुन की मादक रात, ढोलक की थाप, मंजीरों की खनक और भक्ति से भीगे फाग के सुरज्सोमवार की फाग महोत्सव की रात में स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर के आंगन में उपस्थित दृश्य को देखकर ऐसा लगा मानो अवध और ब्रज की होली एक साथ उतर आई हो.**

सीताराम नाम संकीर्तन से शुरू हुआ फाग महोत्सव धीरे-धीरे उस भक्तिरस में बह निकला, जिसमें पहले पहर में राम की मर्यादा के फाग गूंजे तो दूसरे पहर में राधा-कृष्ण की ब्रज होरी की मस्ती छा गई. फागुन के रंग और होली के उल्लास के बीच बुंदेलखंड की परंपरागत संस्कृति का अनूठा स्वरूप नगर के स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में आयोजित हुए फाग महोत्सव में उस समय देखने को मिला, जब फाग और रसिया के बुंदेली लोकगीतों की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को भक्ति और उल्लास से सराबोर कर दिया. मंदिर में सोमवार की रात फागुन की सुगंध और भक्ति के रंगों से सराबोर एक अद्भुत फाग महोत्सव संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ सीताराम नाम संकीर्तन के साथ हुआ और फिर धीरे-धीरे यह आयोजन अवध की मर्यादा से आगे बढ़ते हुए ब्रज की रसमयी होली में डूबता चला गया.

**निर्णय** — मातृशक्ति ने निर्णय लिया कि पूजा-पाठ की सामग्री को नदियों में नहीं किया जाएगा विसर्जित

# महापरिषद महिला ने फाग उत्सव में लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की महिला इकाई द्वारा स्थानीय बरेठ रोड स्थित दादजी प्लाजा में होली मिलन एवं फाग उत्सव का आयोजन किया गया. समाज की महिलाओं ने फाग गीतों, फूलों और गुलाल के साथ होली के रंग बिखेरे, वहीं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश भी दिया.**



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया. इस अवसर पर नन्ही बालिका वैभवी रघुवंशी ने अपनी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया. इसके बाद फाग गीतों की मधुर धुनों पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर होली की पारंपरिक लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। फूलों और गुलाल से खेली गई होली ने पूरे वातावरण को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के रंगों से सराबोर कर दिया। उत्सव के दौरान महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण पहल समाज की महिलाओं द्वारा लिया गया. रघुवंशी समाज की मातृशक्ति ने निर्णय लिया कि पूजा-पाठ की सामग्री को नदियों में प्रवाहित कर जल स्रोतों को प्रदूषित नहीं किया जाएगा, बल्कि उस सामग्री को खेतों में डालकर अथवा खाद बनाकर गमलों में उपयोग किया जाएगा, जिससे प्रकृति और जल स्रोतों का संरक्षण हो सके.

जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी भी अल्प समय के लिए उपस्थित हुए. उन्होंने समाज की बहनों से विवाह जैसे आयोजनों में होने वाले अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया. महिला इकाई की प्रदेश उपाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गायत्री नरेंद्र रघुवंशी, प्रदेश संगठन मंत्री सरिता रघुवंशी, जिलाध्यक्ष श्रीमती रिंकी कमल रघुवंशी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्रीमती ज्योति कपिल रघुवंशी नोघई, तहसील अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी देवेंद्र जुगयाई, सहित जिला एवं नगर के पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहीं.

### पत्रकार पर हमले के विरोध में एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**लटेरी,** आनंदपुर में खबर कवरेज के दौरान पत्रकार मनीष शर्मा पर हुए कथित जानलेवा हमले के विरोध में श्रमजीवी पत्रकार संघ लटेरी ने एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम लटेरी ज्ञ्द्ध को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई.

ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में आनंदपुर में खबर कवरेज के दौरान पत्रकार मनीष शर्मा पर जानलेवा हमला किया गया था. इस घटना की खबर विभिन्न न्यूज चैनलों और समाचार पत्रों में भी प्रमुखता से प्रकाशित हुई. इसके बावजूद आनंदपुर पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लेते हुए साधारण धाराओं में ही प्रकरण दर्ज किया गया.

**म .प्र .गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**:: आम सूचना ::**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विदिशा में भूखण्ड/ भवन क्रमांक एच.आई.जी. डुप्लेक्स बी/70 मण्डल द्वारा श्रीमती तृप्ता अग्रवाल पत्नी श्री राजकुमार अग्रवाल एवं श्री राजकुमार अग्रवाल आत्मज श्री बाबूराम अग्रवाल के संयुक्त नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 24/03/2012 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्रीमती तृप्ता अग्रवाल पत्नी श्री राजकुमार अग्रवाल (माता जी) की दिनांक 17/12/2015 एवं श्री राजकुमार अग्रवाल आत्मज श्री बाबूराम अग्रवाल (पिता जी) की दिनांक 13/10/2015 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र/पुत्रीगण 1) श्री दीपक अग्रवाल आत्मज स्व. श्री राजकुमार अग्रवाल 2) श्रीमती नेहा गोयल पत्नी श्री नरेश कुमार गोयल 3) श्रीमती सपना गोयल पत्नी श्री बलविंदर कुमार गोयल 4) श्रीमती ममता अग्रवाल पत्नी श्री कपिल अग्रवाल (पुत्रीगण स्व. श्री राजकुमार अग्रवाल) के नाम पर नामान्तरण आदेश क्र. 990 दिनांक 25/08/2025 को नामान्तरित किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री अंकित यादव आत्मज श्री पूरन सिंह यादव के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 16/02/2026 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री अंकित यादव आत्मज श्री पूरन सिंह यादव के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा.

**संपदा अधिकारी**
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल